प्रकाशनार्थ

पटना 29 नवम्बर। आज एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इन्स्टीच्यूट (आद्री) के सेंटर फॉर स्टडीज ऑन इन्वायरमेंट एण्ड क्लाइमेट (सी.एस.ई.सी.) द्वारा ''अर्बन डेवलपमेंट विथ इम्फेसिस ऑन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंटः द केस ऑफ पटना'' नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के माननीय शहरी विकास और आवासीय मंत्री श्री नीतिन नवीन ने कहा कि पटना का सतत् विकास तभी हो पाएगा जब उसका क्षेत्रफल का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए नियोजित उपग्रह कस्बों को बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी जिक्र किया कि ये कस्बे एक रिंग रोड के आसपास स्थित रहेंगे और पटना मेट्रो रेल के द्वारा जुड़े रहेंगे। मेट्रो का पहला फेज अगले वर्ष के 15 अगस्त से शुरू हो रहा हैं। इस कार्यशाला की अध्यक्षता आद्री के निदेशक प्रोफेसर अजीत सिन्हा ने किया और देश के कई सतत विकास और अपशिष्ट प्रबंधन के विशेषज्ञों ने इसमें भाग लिया।

APrasad
(अभिषेक प्रसाद)